प्रेस विज्ञप्ति

पूर्वोत्तर सीमा रेल (निर्माण संगठन)

पूर्वोत्तर सीमा रेल (निर्माण संगठन), मालीगांव में राजभाषा सप्ताह समारोह-2019 का समापन

मालीगांव : 20 सितंबर, 2019

श्री मोहन लाल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण-1 महोदय के कर-कमलों से राजभाषा सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित करने के साथ ही पूर्वोत्तर सीमा रेल (निर्माण संगठन), मालीगांव में राजभाषा सप्ताह समारोह-2019 का समापन हुआ।

इस समापन समारोह का शुभारंभ श्री बी. एन. भास्कर, मुख्य इंजीनियर/नि.-1 एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी/निर्माण के सभी उपस्थित सदस्यों एवं पुरस्कार विजेताओं के स्वागत करने के साथ हुआ। श्री भास्कर ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी निर्माण संगठन में 'राजभाषा सप्ताह' मनाया गया। 14 सितंबर,2019 को हिंदी दिवस के मौके पर हिंदी सप्ताह की शुरूआत हुई थी और आज पुरस्कार वितरण समारोह के साथ ही इसका समापन हो रहा है। राजभाषा सप्ताह के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इन सभी प्रतियोगिताओं में मुख्यालय स्तर के कुल 28 अधिकारियों ने और 41 कर्मचारियों एवं उनके बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पुरस्कार वितरण समारोह में क्षेत्रीय/अखिल रेल हिंदी निबंध, वाक् एवं टिप्पण व प्रारूप लेखन प्रतियोगिता में विजयी कर्मचारियों को भी पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर श्री मोहन लाल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण-1 महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे निर्माण संगठन में 14 सितंबर,2019 से 20 सितंबर,2019 तक राजभाषा सप्ताह मनाया गया। यह खुशी की बात है कि हिंदी प्रतियोगिताओं में हमारे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़े ही जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं में विजेता अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कर्मचारियों के बच्चों को आज समापन समारोह के अवसर पर पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर श्री लाल ने हिंदी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विजयी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी पुरस्कार विजेता अपने दिन प्रति दिन के कार्यालयीन कार्यों में भी हिंदी का प्रयोग करें और निश्चित करें कि यह केवल पुरस्कार तक ही सीमित न रहे। हिंदी को लोकप्रिय बनाने के लिए प्रोत्साहन योजना के साथ-साथ प्राप्त ज्ञान के समुचित उपयोग की भी आवश्यकता है। महोदय ने उन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी बधाई दिया जिन्होंने प्रतियोगिता में भाग लिया परंतु वे पुरस्कार प्राप्त नहीं कर पाए।

इस अवसर पर अधिकारियों में श्री वी. के. उपाध्याय, मुख्य बिजली इंजीनियर/निर्माण, श्री सुनील कुमार सहगल, प्रधान सामग्री प्रबंधक/निर्माण, श्री उमेश कुमार, मुख्य सि.एवं दू.सं.इंजी/नि.-2, श्री अबुल हय्यात, वि. स. एवं मुलेधि/निर्माण-I, श्री अनिल कुमार, मुख्य बिजली इंजीनियर/नि.-3, श्री संजय प्रसाद सिंह, मुख्य बिजली इंजीनियर/नि.-8, श्री पुष्कर श्रीवास्तव, महाप्रबंधक/नि. के सचिव, श्री शचीन चन्द्र बोड़ो, म.प्र./नि. के प्रधान निजी सचिव, श्रीमती अनिंदिता सिंहा, सहा. कार्यकारी इंजी/नि/योजना, श्री पंकज कुमार वर्मा, वरिष्ठ सहा. वित्त सलाहकार/नि, श्री अचल कुमार सिंह, सहा. कार्यकारी इंजी/नि/अभिकल्प, श्रीमती जयश्री मालाकार, सहायक कार्यकारी इंजी/नि/योजना और हिंदी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहन स्वरूप श्री अभिजीत मजुमदार, उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। कर्मचारियों में श्री प्रशांत कुमार, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर, श्री हिमांशु कुमार गुप्ता, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर, श्री ओम प्रकाश सिंह, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर, श्री रामकेश मीणा, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर, श्री भारत भूषण, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर, श्री अंटु लाल ठाकुर, लेखा सहायक, श्री साहिल जैन, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर,

श्री स्वपन कुमार, मुख्य विधि सहायक, श्री सत्येन्द्र कुमार, जूनियर इंजीनियर, श्रीमती जुमि देवी चौधरी, आशुलिपिक, सुश्री रत्ना देव, सीनियर ट्रैकमेन, श्री जोगेश्वर प्रसाद, एसी मेंटेनर, श्री कमल दाहाल, सीनियर ट्रैकमेन, श्री लाल कुमार राय, ट्रैकमेन, रत्ना रानी देव, ट्रैकमेन, सुश्री मुनमुन सिंहा, ट्रैकमेन, श्री जयदेव पाल, ट्रैकमेन, श्री अमित मजुमदार, खलासी को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके साथ ही कर्मचारियों के बच्चों क्रमश: ज्ञानदीप दास, अनुराग दास, दक्ष सुरीन, शिल्पी शेखर कुंवर, मानसी श्रीवास्तव, कोमल सेठी को भी हिंदी कविता पाठ के लिए पुरस्कार वितरित किए गए। इस मौके पर हिंदी में सराहनीय कार्य करने के लिए क्रमश: श्री बी. सी. विश्वासी, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी, श्री डी. के. बरूवा, सहायक कार्यकारी इंजीनियर, श्री दीपांकर मेधी, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर, श्री राजेन डेका, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर, श्री विश्वजीत चौधुरी, मुख्य कार्यालय अधीक्षक को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस समारोह में श्री एच. एस. यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/नि.-2 सहित मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस पुरस्कार वितरण एवं समापन कार्यक्रम का संचालन श्री राजेश रंजन कुमार, राजभाषा अधिकारी/निर्माण ने किया।

(एस. के. ओझा)
वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी/निर्माण
पूर्वोत्तर सीमा रेल, मालीगांव, गुवाहाटी-11

विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित करते हुए श्री मोहन लाल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण-1, पूर्वोत्तर सीमा रेल, मालीगांव